NDRF आपदा प्रबंधन आम जन के लिए जीवन रेखा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

NDMA एवं NDRF ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में आपदा प्रबंधन पर आयोजित जागरूकता सत्र को सम्बोधित किया

...

नई दिल्ली; 05 अप्रैल, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) व् संसद सुरक्षा सेवा द्वारा आपदा प्रबंधन पर आयोजित जागरूकता सत्र को सम्बोधित किया। यह कार्यक्रम संसद भवन परिसर में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया था।

श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में एनडीआरएफ द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का भी दौरा किया। डीजी, एनडीआरएफ श्री अतुल करवाल ने श्री बिरला को आपदा प्रबंधन में उपयोग में लाए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के विषय में जानकारी दी। श्री बिरला ने तुर्की और सीरिया में हाल ही में आयोजित ऑपरेशन दोस्त में भाग लेने वाले एनडीआरएफ कर्मियों का सम्मान किया।

NDMA तथा NDRF के जवानो एवं अधिकारियों की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक विविधता के कारण आपदा प्रबंधन देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधान मन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में NDMA एवं NDRF ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किये है।

NDRF को आपदा प्रबंधन में आमजन के लिए जीवन रेखा बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि NDRF पूरे विश्व में आपदा प्रबंधन दस्ते के रूप में ख्याति प्राप्त संस्था है। उन्होंने NDRF की त्वरित कार्यवाही को उसकी विशेषता बताया और कहा कि सभी अत्याधुनिक उपकरणों तथा परंपरागत उपायों की सहायता से NDRF के जवान अपना कार्य उत्कृष्टता और सम्पूर्ण समर्पण के साथ करते हैं।

एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल जनरल सैय्यद अता हसनैन तथा NDMA सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल, ब्रिगेडियर बीएस ठक्कर और NDRF के डीआईजी श्री मोहसेन शाहिदी ने जागरूकता सत्र का संचालन किया।